परिसर में साइना नेहवाल के साथ बैडमिंटन खेलती नजर आईं।

# यूपी रेरा अगस्त से शुरू करेगी लोक अदालत

■ विशेष संवाददाता, ग्रेनो

बिल्डर-बायर मसलों के समाधान के लिए अब रेरा में भी लोक अदालत लगाई जाएगी। फ्लैट के लिए आपका भी किसी बिल्डर से विवाद चल रहा है तो अगस्त से शुरू होने जा रही रेरा लोक अदालत में आप भी शामिल हो सकते हैं। इस रेरा लोक अदालत में घर खरीदारों के अलावा बिल्डरों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। रेरा में लगातार ऐसे मामले आ रहे हैं जिनमें बायर्स का संघर्ष बढ़ रहा है।

रेरा के आदेश के बाद भी बिल्डर उन्हें मान नहीं रहे और पीड़ित को री अपील में जाना पड़ता है। इसके अलावा रेरा में रजिस्टर्ड होने वाले मामलों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है, उस हिसाब से घर खरीदारों के मसलों का समाधान नहीं निकल रहा है। इसी के चलते पिछले दिनों रेरा और बिल्डरों की संस्था क्रेडाई के बीच पिछले सप्ताह लखनऊ में मीटिंग हुई थी।

इसमें ही लोक अदालत शुरू करने का फैसला लिया गया है। अब इस प्रस्ताव को लागू करने के लिए रेरा ने क्रेडाई से शेडयूल मांगा है। इसमें क्रेडाई को बताना है कि अगस्त में किस दिन इस लोक अदालत को रखा जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा बिल्डर शामिल हो सकें। क्रेडाई पश्चिमी यूपी के सचिव दिनेश गुप्ता ने बताया कि रेरा ने क्रेडाई के साथ संयुक्त बैठक रखी थी जो बहुत सकारात्मक रही। कई मुद्दों पर स्थिति पहले की अपेक्षा काफी साफ़ हो गई है। इसी बैठक में रेरा और क्रेडाई ने मिलकर लोक अदालत के आयोजन का निर्णय लिया है।



**जल्दी होगा समाधान**

- बिल्डरों की संस्था क्रेडाई से मांगा शेड्यूल
- रेरा में रजिस्टर्ड होने वाले मामलों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है
- उस हिसाब से घर खरीदारों के मसलों का समाधान नहीं निकल रहा

**दिल्ली की खबरों के लिए टेलिग्राम पर फॉलो करें**

t.me/NBTDilli

धूप भी निकल



AFP

बारिश शुरू हो गई है। है और अलग-अलग को उमस वाली गर्मी निकल रही है। इसकी सुबह के समय धूप तक धूप रही। इसके और देखते ही देखते छारें पड़ने लगी। कुछ हो रहा है तो कुछ जगहों का इंतजार कर रहे हैं। म तापमान 36.4 डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम

धानी (सफदरजंग) में रोड में 5 एमएम, रिज बारिश हुई। पूर्वानुमान ते है। हल्की बारिश हो तम तापमान 26 डिग्री किया गया है। मध्यम

बुधवार लगे

## नों तक ब



नुसार बारिश की वजह से